5– श्री आर्य विहार आश्रम, ग्राम सैंज होली रिवर भागीरथी के किनारे से लगभग 50 मीटर की दूरी पर है। स्थलीय निरीक्षण मे यह भी पाया गया है कि आश्रम का सीवेज सैप्टिक टैंक नदी के किनारे से लगभग 10 मीटर की दूरी पर है। इस सिवेज टैंक से गंगा नदी मे कोई **discharge** जाना नहीं पाया गया है। आश्रम के अन्दर सीमेन्ट–कांन्क्रीट से सम्बन्धित कोई भवन निर्माण नहीं पाया गया है। आश्रम मे साधकों के निवास एवं योगशाला के लिये **Wooden Based-Eco Friendly** भवनों का निर्माण हुआ है।

6– श्री आर्य ट्रस्ट के द्वारा श्री आर्य विहार आश्रम, ग्राम सैंज मे मेसर्स सुन्दरम उद्योग के नाम से अतिसूक्ष्म श्रेणी मे हैंण्डमेड प्रोसेस से हर्बल सोप, फेसवाश एवं कीम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस उद्योग के लिये उद्योग विभाग उत्तरकाशी मे उद्योग मेमोरेन्डम भी फाईल किया गया है जिसका **EM Acknowledgment Part-2 No. 050100000209 Dated 08.09.2010** है। इस उद्यम मे उत्पादन की तिथि 10.07.2010 दर्शाई गई है। निरीक्षण मे समिति के सदस्यों ने पाया कि उद्यम मे सोप एवं सम्बन्धित उत्पादों का निर्माण वनस्पति तेलों, विभिन्न हर्बल उत्पादों तथा सोडियम हाईड्रोक्साईड के द्वारा किया जाता है। उत्पादन प्रकिया मे किसी प्रकार का कोई **Trade Effluent** का **Discharge** नहीं होता है। सम्बन्धित उद्यम को उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा दिनांक 31.03.2029 तक के लिये संचालन हेतु सहमति नवीनीकरण सं0 **AW-21126 Dated 11.11.2019** जारी किया गया है। सम्बन्धित प्रपत्र संलग्नक 1 पर प्रस्तुत है। इस सहमति पत्र मे भी उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा **Trade Effluent** का **Discharge** शून्य अंकित है।

7– मेसर्स सुन्दरम उद्योग ए यूनिट ऑफ श्री आर्य ट्रस्ट के द्वारा स्थापित उद्यम ईको सेन्सिटिव जोन जोकि दिनांक 18.12.2012 से घोषित है, के अन्तर्गत स्थापित है। किन्तु मेसर्स सुन्दरम उद्योग मे उत्पादन कार्य दिनांक 10.07.2010 से प्रारम्भ हो गया था, जोकि ईको सेन्सिटिव जोन घोषित होने के पूर्व का है। यह कुटीर उद्योग पूर्णतः हैण्डमेड प्रोसेस से एवं अप्रदूषणकारी है। जनपद मे औद्योगिक विकास को दृष्टिगत रखते हुये यह तथ्य भी संज्ञान मे लिया जाना आवश्यक है।

क्रमशः–3

8– मेसर्स सुन्दरम उद्योग ए यूनिट ऑफ श्री आर्य ट्रस्ट के द्वारा जीएसटी पंजीयन कराया गया है, जिसका नं0 GSTIN 05AACTS5192H1ZC है। सम्बन्धित प्रपत्र संलग्नक 1 पर प्रस्तुत है।

9–मेसर्स सुन्दरम उद्योग ए यूनिट ऑफ श्री आर्य ट्रस्ट की अध्यक्षा से उद्यम का उत्पाद हर्बल सोप, फेसवाश एवं क्रीम के उत्पादन के लिये ड्रग्स एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट के अन्तर्गत प्राप्त किये गये लाईसेन्स के सम्बन्ध मे प्रेक्ष्या की गई। इस सम्बन्ध मे उनके द्वारा बताया गया कि उनकी इकाई के पास अभी इसका लाईसेन्स नहीं है। इसको प्राप्त करने के लिये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

10– आश्रम मे विदेशी मूल के साधकों का आवागमन है। यद्यपि निरीक्षण मे इस सम्बन्ध मे कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञान मे नहीं आये हैं। भारत सरकार के स्थापित दूतावास के द्वारा जारी वीजा के माध्यम से तथा Foreigners Registration Office Uttarkashi द्वारा जारी पंजीयन/निवास अनुमति के उपरान्त ही विदेशी मूल के साधक आश्रम मे निवास करते हैं। निवासरत साधकों के सम्बन्धित पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये गये हैं जो कि संलग्नक –2 पर प्रस्तुत है।

11–समिति के सदस्यों के द्वारा आश्रम से किसी प्रकार का कोई अपशिष्ट भागीरथी नदी मे प्रवाहित होता नहीं पाया गया है। अन्य किसी प्रकार का भी कोई प्रदूषणकारी गतिविधि का होना नहीं पाया गया है।

समिति के द्वारा आश्रम के विरूद्व प्राप्त शिकायती पत्र की जांच के क्रम मे श्री आर्य विहार आश्रम से सम्बन्धित श्री आर्य ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री प्रियादर्शिनी पटेल के द्वारा भी अपना प्रत्यावेदन/स्पष्टीकरण दिनांक 26.03.2022 एवं सम्बन्धित प्रपत्रों एवं अभिलेखों को प्रस्तुत किया गया है, जो इस आख्या के साथ संलग्न कर प्रस्तुत किया जा रहा है।

अतः अजय सिंह द्वारा की गई सारी शिकायतें बेवुनियाद व निराधार पाई गयी है। श्री आर्य ट्रस्ट एक 28 साल पुरानी संस्था है जो आध्यात्म एवं जनहित में कार्य कर रही है।

उपरोक्तानुसार जांच आख्या अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

श्री यू0के0तिवारी, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, उत्तरकाशी।	श्री प्रदीप विष्ट, वन रेंज अधिकारी, मुखेम रेंज।	श्री एस0एस0 रावत, सीटीओं, राज्य व्यापार कर विभाग	श्री त्रिलोक रमोला, उप कोषाधिकारी, मटवाडी।	श्री मधुसूदन नौटियाल, अपर सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी।	श्री यशवंत सिंह रावत, अपर सहा0 अभि0, जल संस्थान, उत्तरकाशी।	श्री रूप सिंह, तहसीलदार, मटवाडी।

अनुलग्नक – (4)

15

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक महोदय
जनपद उत्तरकाशी।

महोदय,

विषयः– कृपया अपने पत्रांक–एसटी–शिका0–डीजी–27/22 दिनांक–11.04.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो आवेदक भूमेश रमोला पुत्र प्रताप सिहं रमोला निवासी ग्राम औंगी तहसील भटवाड़ी कोतवाली मनेरी जनपद उत्तरकाशी के शिकायती प्रार्थना पर अंकित आरोपों की जाँच कर आख्या उपलब्ध करवाने विषयक।

आवेदक का नाम पताः– भूमेश रमोला पुत्र प्रताप सिहं रमोला निवासी ग्राम औंगी तहसील भटवाड़ी कोतवाली मनेरी जनपद उत्तरकाशी

विपक्षी का नाम पताः– हेमन्त ध्यानी आदि आर्य विहार आश्रम ग्राम सैंज थाना मनेरी जनपद उत्तरकाशी।

आरोपः– विपक्षी गण हेमन्त ध्यानी आदि द्वारा आर्य विहार आश्रम, ग्राम सैंज में स्थित सुन्दरम उद्योग में अवैध गतिविधियां कर बिना रजिस्ट्रेशन के साबुन इत्यादि का उत्पादन करना आदि।

महोदय आवेदक द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र के क्रम में मेरे द्वारा प्रभारी निरीक्षक मनेरी से आख्या प्राप्त की गई है, जांच के दौरान आश्रम के विरूद्ध दो और इसी विषय से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र संज्ञान में आये जो अजय सिंह एवं सोनमाला देवी द्वारा प्रेषित किये गये थे। प्रेषित प्रार्थना पत्रों की जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान अंकित किये गये है जो निम्नवत हैः–

बयान आवेदक श्री भूमेश रमोला पुत्र श्री प्रताप सिंह रमोला निवासी ग्राम औंगी कोतवाली मनेरी जिला उत्तरकाशी मो0नं0–7819003275 ने पूछने पर बताया कि मैं उक्त पते पर अपने परिवार के साथ मे रहता हूँ। घर पर मेरे पिता जी व माता जी पत्नी व दो बच्चें है घर मे मैं मेरे पास दो खच्चर भी है जिससे मेहनत मजदूरी कर मैं अपने घर का गुजारा बसरा करता हूँ लगभग 20–22 वर्ष पूर्व हमारे गांव के पास नदी किनारें गंगाजल नाग से एक आदमी ने मिनरल वाटर का प्लांट लगाया जिस व्यक्ति ने वह प्लांट लगाया उसका नाम अजय सिंह है। उस प्लांट में मैंने भी 15–16 साल कार्य किया वह मुझे 12000 रू0 मासिक तनख्वाह देते थे मेरी पहचान अजय सिंह से हो गयी अजय सिंह के द्वारा ग्राम सौरा के लोगों से कुछ वर्ष पूर्व नदी किनारें एक भूमि को क्रय किया वह उस भूमि पर योगा सेंटर बनाना चाहता था उस भूमि के ठीक नदी पार आर्य विहार आश्रम है आर्य विहार आश्रम मे भी योगा व हर्बल साबुन बनाने का काम चलता है। जब अजय सिंह ने वहाँ पर योगा सेंटर बनाने का काम शुरू किया तो आर्य विहार आश्रम के हेमन्त ध्यानी ने उनकी शिकायत पटवारी को की। उसके कुछ दिनों के बाद वहाँ पर अलग–अलग विभाग के उच्चाधिकारी आ गये और उन्होनें काग रूकवा दिया उसके बाद आज दिनांक 29–07–2022 तक काम बंद है। काम बाद होने से मुझे आर्थिक नुकसान हो गया। अजय सिंह के काम की देख–रेख मैं व बब्बन करते थे, अजय सिंह मेरा मालिक है। वह पेशे से वकील भी है। जब हमारा काम बंद हो गया और काम बंद कराने के पीछे

लोक सूचना अधिकारी/
पुलिस अधीक्षक
उत्तरकाशी

Scanned with Cal

आर्य विहार आश्रम का हाथ था। तो उसके बाद हमारे मालिक ने भी उनके विरूद्ध शिकायत पत्र दिये। एक पत्र पर मैंने भी हस्ताक्षर किये थे वह पत्र आर्य विहार आश्रम के खिलाफ दिया था! वैसे मेरा इसमे कोई हाथ नही है। लडाई आर्य विहार आश्रम व अजय सिंह की आपस में है हमे इससे कोई लाभ तो नही हो रहा परन्तु मुझे नुकसान हो रहा है। मेरी नौकरी चली गयी जिससे मुझे 12000 रू0 तनख्वाह प्रति माह का नुकसान हो गया वर्तमान मे मै पूर्ण रूप से बेरोजगार हूँ। आर्थिक नुकसान होने के कारण मेरे द्वारा यह प्रार्थना पत्र दिया था।

<u>पूछताछ–</u> शिकायतकर्ता अजय सिहं पुत्र विरेन्द्र पाल सिहं निवासी– 122 सेक्टर–46 फरीदावाद हरियाणा– थाने के माध्यम से उक्त व्यक्ति को कई बार बयान हेतु बुलाया गया परन्तु स्वयं उपस्थित नही हुआ और ई–मेल के माध्यम से अपने टाईपशुदा बयान प्रेषित किये गये है, जो शिकायती पत्र में अंकित तथ्यों का ही समर्थन करते हुए उपलब्ध करवाया है जो संलग्न हैं।

<u>बयान गवाह पृथ्वी सिहं रावत पुत्र स्व0 श्री फतेसिहं रावत निवासी ग्राम कुमाल्टी कोतवाली मनेरी जनपद उत्तरकाशी उम्र लगभग 57 वर्ष 9012357100–</u> पृथ्वी सिहं रावत ने पूछने पर बताया कि मैं ग्राम कुमाल्टी का रहने वाला हूँ मेरा पायलेट बाबा आश्रम सैंज के पास मकान है। सैंज में स्थित आर्य विहार आश्रम, सुन्दरम उद्योग के विषय में जहां तक मुझे पता है कि सुन्दरम उद्योग काफी पुराना है वहां सावुन का उत्पादन किया जाता है। उक्त उद्योग ग्राम सैंज वालों की जमीन पर बनाया गया है। भूमेश रमोला ग्राम औंगी का रहने वाला है जिसने आर्य विहार आश्रम के खिलाफ पूर्व में सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत जानकारी मांगी थी। भूमेश रमोला व उसके पार्टनर अजय सिहं पुत्र विरेन्द्र पाल सिहं निवासी –122 सेक्टर –46 फरीदाबाद हरियाणा के द्वारा ग्राम सोरा वालों से जमीन खरीदकर गंगोत्री रोड पर एक सौरा कोटेज का निर्माण करवाया गया जो नदी से लगा हुआ था। जिनके खिलाफ आर्य विहार आश्रम वालों के द्वारा शिकायत दर्ज कर जांच करवायी गयी, जिसका उपजिलाधिकारी महोदय के आदेश से काम रोका गया था। उक्त आर्य विहार आश्रम ग्राम सैंज में स्थित है, जिसके बारे में मैंने कभी कोई अवैध गतिविधि में संलिप्त होने की बात नहीं सुनी है। भूमेश रमोला ग्राम औंगी का रहने वाला है। जिसके बारे में ज्यादा नहीं जानता हूँ। इससे ज्यादा मुझे कुछ जानकारी नहीं है।

<u>बयान गवाह श्रीमती पार्वती रमोला पत्नी धर्मेन्द्र रमोला निवासिनी ग्राम औंगी कोतवाली मनेरी तहसील भटवाड़ी जनपद उत्तरकाशी (वर्तमान ग्राम प्रधान औंगी)</u> –9557996360 ग्राम प्रधान औंगी श्रीमती पार्वती रमोला ने पूछने पर बताया कि मैं ग्राम प्रधान औगीं के पद निर्वाचित हूं मुझे यह जानकारी है कि सैंज में आर्य विहार आश्रम स्थित सुन्दरम उद्योग बना है। जिसमे साबुन का उत्पादन होता है। भूमेश रमोला को मैं जानती हूं वह मेरे ग्रामसभा में रहता है। भूमेश रमोला एवं आर्य विहार आश्रम के संचालक के बीच कोई विवाद है किन्तु विवाद क्या है इस विषय में मुझ कोई जानकारी नहीं है।

<u>बयान श्रीमती ममता नोटियाल पत्नी गंगा प्रसाद नोटियाल निवासिनी ग्राम सैंज उम्र 54 वर्ष (वर्तमान ग्राम प्रधान सैंज) 8126348356–</u> ग्राम प्रधान सैंज ममता नोटियाल ने पूछने पर बताया कि मैं ग्राम प्रधान सैंज के पद पर कार्यरत हूं मुझे यह जानकारी है कि सैंज में आर्यविहार आश्रम स्थित सुन्दरम उद्योग बना है। जिसमे साबुन का उत्पादन होता है। भूमेश रमोला को मैं नहीं जानती हूं। भूमेश

सत्यापित

लोक सूचना अधिकारी/
पुलिस अधीक्षक
उत्तरकाशी

Scanned with Cal

रमोला एवं आर्य विहार आश्रम के संचालक के बीच कोई विवाद है इस विषय में मुझ कोई जानकारी नहीं है हमारे गावं में स्थित आर्य विहार आश्रम जहां सुन्दरता वाले साबुन वनाये जाते है जिसके वारे में मैंने कभी कोई अवैध गतिविधि में संलिप्त होने की बात नहीं सुनी है।

बयान गवाह सोनपाल सिहं रमोला पुत्र भरत सिह रमोला निवासी ग्राम सौरा तहसील भटवाड़ी उम्र 27 वर्ष (वर्तमान ग्राम प्रधान सौरा) 8937095776–ग्राम प्रधान सौरा सोनपाल सिहं ने पूछने पर बताया कि मैं ग्राम प्रधान सौरा के पद पर कार्यरत हूं मुझे यह जानकारी है कि सैंज में आर्य विहार आश्रम स्थित सुन्दरम उद्योग बना है। जिसमें साबुन का उत्पादन होता है। भूमेश रमोला को मैं जानता हूं। भूमेश रमोला ग्राम औंगी का रहने वाला है। उसने किसी शहरी व्यक्ति के साथ मिलकर ग्राम सौरा के पवन प्रसाद रतूड़ी, हरिप्रसाद जोशी से जमीन खरीदी थी जिस पर उन्होने सौरा नाम एक कोटेज का निर्माण का कार्य शुरु करवाया था जिसमें आपत्ति लगने के बाद कार्य बंद हो गया था आर्य विहार आश्रम जहां सुन्दरता वाले साबुन बनाये जाते है जिसके बारे में मैंने कभी कोई अवैध गतिविधि में संलिप्त होने की बात नहीं सुनी है।

बयान गवाह अजयपाल सिंह राणा पुत्र स्व0 श्री हिम्मत सिंह राणा निवासी ग्राम सैंजधविशनपुर तहसील भटवाड़ी जिला उत्तरकाशी–9837592287 उम्र 74 वर्ष–ने पूछने पर बताया कि मै एक किसान और सामाजिक कार्यकर्ता भी हूँ मै आर्य विहार आश्रम को इसकी स्थापना के समय से जानता हूँ मेरा आश्रम में बराबर आना जाना रहता है, विगत 28 साल से आश्रम आध्यात्मिक और सामाजिक उन्नति के कार्य कर रहा है। आश्रम में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ही सारी गतिविधियां होती है अतः किसी तरह की कोई प्रदुषणकारी गतिविधि का सवाल ही नही होता, भूमेश रमोला को मै जानता हूँ वह ग्राम औंगी का रहने वाला है और उसने आर्य विहार आश्रम स्थित सुन्दरम उद्योग के खिलाफ अवैध रूप से सावुन निर्माण के संबंध में शिकायत की हुई है।

बयान गवाह श्रीमती सोनमाला देवी पत्नी जगवीर राणा ग्राम प्रधान स्याबा तहसील भटवाड़ी जिला उत्तरकाशी 9568503707–ग्राम प्रधान स्याबा सोनमाला देवी जो कि उपरोक्त प्रकरण में भूमेश रमोला की तरह ही शिकायत कर्ती भी है, ने पूछने पर अपने बयानों का खण्डन करते हुए अंकित कराया कि मैं ग्राम प्रधान स्याबा के पद निर्वाचित हूं मैंने भी आर्य विहार आश्रम के प्रति एक शिकायत दर्ज की थी। मैंने यह शिकायत सौरा कोटेज के मालिक भूमेश रमोला व अजय सिहं के कहने पर गुमराह होकर दी थी। सौरा कोटेज व आर्य विहार आश्रम के बीच कुछ विवाद चल रहा था। मैनें आश्रम के विरुद्व शिकायत इसलिए प्रेषित की थी कि क्योंकि उक्त के आश्रम के सदस्य ग्राम सभा स्याबा मोटर मार्ग के निर्माण में आपति प्रकट कर रहे थे। अब मोटर मार्ग का निर्माण का कार्य जिला प्रशासन के पास चला गया है। जिसके पश्चात से मुझे आर्य विहार आश्रम के प्रति कोई शिकायत नहीं है। मुझे यह जानकारी है कि सैंज में आर्य विहार आश्रम स्थित सुन्दरम उद्योग बना है। जिसमें साबुन का उत्पादन होता है। भूमेश रमोला को मैं जानती हूं। भूमेश रमोला ग्राम औंगी का रहने वाला है। उसने किसी शहरी व्यक्ति अजय सिहं के साथ मिलकर सौरा कोटेज का कार्य शुरु करवाया था। जिसमें कि हेमन्त ध्यानी द्वारा आर्य विहार आश्रम व सौरा के स्थानीय ग्रामीण लोगों कि आपत्ति लगने के बाद उक्त कोटेज निर्माण कार्य प्रशासनिक कार्यवाही पर बंद हो गया था। शायद शिकायतकर्ता भूमेश

सत्यापित

लोक सूचनाअधिकारी/
पुलिस अधीक्षक
उत्तरकाशी

Scanned with Cal

रमोला आदि सौरा कोटेज मालिक व आर्य विहार आश्रम के मध्य इसी वजह से विवाद है। जहां तक मेरी जानकारी है तो आर्य विहार आश्रम के विरुद्ध व इसको संचालितकर्ता /निवासरत लोगों के बारे में मैंने कभी कोई अवैध गतिविधि में संलिप्त होने की बात न मैने देखी, न हीं सुनी है। अतः मै अपना शिकायती पत्र वापस ले रही हूँ, प्रार्थना पत्र संलग्न है।

बयान विपक्षी श्री हेमन्त ध्यानी पुत्र श्री गणेश प्रसाद ध्यानी निवासी आर्य विहार आश्रम विशनपुर/सैंज तहसील भटवाडी जिला उत्तरकाशी–8126044807 उम्र 40 वर्ष (आर्य विहार आश्रम के ट्रस्टी) – ने पूछने पर अंकित करवाया कि वह श्री आर्य विहार आश्रम ट्रस्ट में ट्रस्टी है तथा एक साधक होने के नाते आश्रम में ही निवास करता हूँ। पर्यावरण तथा सामाजिक विषयों के विशेषज्ञ के रूप में सर्वोच्च न्यायालय तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न समितियों में भी मैने अपनी सेदायें और योगदान दिया है। आश्चर्य है कि भारतीय संविधान के अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायालय और भारत सरकार द्वारा देश के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन के लिये मुझे आरोपी द्वारा देशद्रोही ठहराया जा रहा है। यह न केवल व्यक्तिगत आघात पहुँचाने वाला आरोप है अपितु मेरी व श्री आर्य ट्रस्ट की गम्भीर मानहानि है। अजय सिंह और इनके माफिया गुट की जांच होनी चाहिए जो अपने निहित स्वार्थ के लिए अलग–अलग लोगों को गुमराह कर आश्रम के ऊपर फर्जी आरोप तथा शिकायत दर्ज कर रहे है इससे सरकारी तंत्र का भी दुरुपयोग तथा देश के संसाधन और विभागीय समय नष्ट हो रहा है। अजय सिंह ने प्रशासन को गुमराह कर जो उसके पक्ष मे भूमि क्रय का आदेश दिनांक– 20.02.2021 को प्राप्त किया वह रद्द किया जाना चाहिए ताकि इस तरह के असामाजिक और आपराधिक तत्व इस पावन गंगोत्री घाटी में अपने पैर न पसार सके। इस संबंध में मेरे द्वारा दिनांक–04.03.2022 को मुख्य सचिव उत्तराखण्ड सरकार को पत्र भेजा जा चुका है। अजय सिंह ने तो आश्रम के विरूद्व उन अवैध कन्टेंट तक को अपने शिकायती पत्र में डाला है जिन्हे साईबर क्राईम केस में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा हटाने के आदेश हुए है। ट्रस्ट की ओर से विस्तृत प्रार्थना पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ दिनांक 03.06.2022 को हमारे द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी को प्रेषित किया जा चुका है। ट्रस्ट द्वारा दिया प्रार्थना पत्र और दस्तावेज संलग्न है।

विश्लेषणः– महोदय प्रकरण की जांच के सम्बन्ध में जांच अधिकारी द्वारा आर्य विहार आश्रम में स्थित सुन्दरम उद्योग का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं आर्य विहार आश्रम के अध्यक्ष से आश्रम के पंजीकरण व साबुन उद्योग का लाईसेन्स की जानकारी की गयी। आश्रम के पास उद्योग संचालित किये जाने के सम्बन्ध में वैध लाईसेन्स प्राप्त है। महोदय आवेदक भूमेश रमोला एवं अजय सिंह निदेशक सौरा कॉटेज प्रा0लि0 ग्राम सौरा उत्तरकाशी द्वारा दिनांक–03.03.2022 को जिला प्रशासन उत्तरकाशी को आर्य विहार आश्रम के विरूद्ध शिकायत दर्ज की गई थी। जिस पर उपजिलाधिकारी भटवाडी द्वारा दिनांक–14.03.2022 को श्री रूप सिंह तहसीलदार भटवाडी, श्री एस0एस0 रावत सीटीओ राज्य व्यापार कर विभाग, श्री प्रदीप बिष्ट वन रेंज अधिकारी मुखम रेंज, श्री यू0के0 तिवारी महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र उत्तरकाशी, श्री त्रिलोक रमोला उप कोषाधिकारी भटवाडी, श्री यशवंत सिंह रावत उपर सहा0अभि0 जल संस्थान उत्तरकाशी एवं श्री मधूसूदन नौटियाल सहायक अभियन्ता सिचाई खण्ड उत्तरकाशी की संयुक्त जांच हेतु एक टीम का गठन किया गया था। संयुक्त टीम द्वारा आरोपों की जांच कर दिनांक–27.05.2022 को संयुक्त जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय उत्तरकाशी

Scanned with Cal

को प्रेषित की गई थी। संयुक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार श्री आर्य ट्रस्ट **FCRA** के अन्तर्गत पंजीकरण सं0–347980008 दिनांक–25.06.2004 से पंजीकृत है व आश्रम के सैप्टिक टैंक से गंगा नदी में कोई **discharge** जाना नहीं पाया गया है। आश्रम में साधकों के निवास एवं योगशाला के लिये **Wooden Based-Eco Friendly** भवनों का निर्माण हुआ है। आश्रम में सुन्दरम उद्योग के नाम से अति सुक्ष्म श्रेणी में हैण्ड मेड प्रोसेस से हर्बल सोप, फेसवास एवं क्रिम बनाने का कार्य किये जाने के सम्बन्ध में उद्योग विभाग उत्तरकाशी में उद्योग मेमोरेन्डम भी फाईल किया गया है। जिसका EM **Acknowledgment Part-2 No. 050100000209 Dated 08.09.2010** है।

संयुक्त समिति की रिपोर्ट अनुसार श्री आर्य ट्रस्ट के द्वारा श्री आर्य विहार आश्रम, ग्राम सैंज में सुन्दरम उद्योग जल संस्थान से जल संयोजन लिया गया है। आश्रम की गतिविधियों में प्रयुक्त जल का श्रोत जल संस्थान है। सम्बन्धित उद्यम को उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा संचालन हेतु अनुमति प्राप्त है (छाया प्रति सलंग्न), जिसमें **Trade Effluent** का **Discharge** शून्य अंकित है। यह अति सुक्ष्म कुटीर उद्योग पूर्णतः हैण्डमेड प्रोसेस से एवं अप्रदूषणकारी है। यह भी ज्ञात हुआ कि सुन्दरम उद्योग को कॉस्मैटिक निर्माण हेतु लाईसेंस की प्रक्रिया संयुक्त समिति के निरीक्षण के दौरान विचाराधीन थी तथा वर्तमान में सुन्दरम उद्योग को औषधि अनुज्ञापन एवं नियत्रंण प्राधिकरण उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कॉस्मैटिक लाईसेंस प्राप्त हो चुका है।

एलआईयू के पास उपलब्ध जानकारी से यह भी प्रमाणित होता है कि आश्रम में निवासरत आगन्तुक सभी विदेशी साधक भारत सरकार/विदेश मन्त्रालय से नियमानुसार वीजा प्राप्त कर लोकल इन्टेलीजेन्स को विधिवत सूचित कर आश्रम में निवास करते है जिनका रजिस्ट्रेशन एलआईयू ऑफिस में किया जाता है, जिनमें अधिकांश साधकों का पिछले काफी समय से आश्रम में साधना हेतु आना जाना है। आश्रम को **FCRA** रजिस्ट्रेशन वर्ष 2004 से प्राप्त है जिसका समय–समय पर नवीनीकरण हुआ है जो कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के विस्तृत जांच और परीक्षण के उपरान्त जारी होता है। जिस पर पुलिस विभाग से जांच अपेक्षित नही है।

अजय सिंह ने अपने शिकायती पत्र में जिन Website Content का प्रयोग किया गया है वह अवैध है जो विपक्षी की शिकायत पर मा0 दिल्ली उच्च न्यायालय ने साईबर क्राईम केस के अन्तर्गत उन्हे हटाने का आदेश दिये गये थे। आर्य विहार आश्रम 28 वर्ष पुरानी आध्यात्मिक संस्था है जहाँ देश–विदेश से साधक साधना हेतु आते है। आश्रम मुख्यतः आध्यात्मिक व सामाजिक हित में कार्यरत है तथा सूक्ष्म स्तर पर इको फ्रेंडली साबुन निर्माण आश्रम गतिविधियों का एक छोटा हिस्सा है जो कि कर्मयोग साधना के तौर से किया जाता है। उक्त उद्योग एवं उद्योग के संचालित कर्ता श्री आर्य ट्रस्ट व ट्रस्ट मे जुडे लोगों का किसी प्रकार की अवैध एवं देश विरोधी गतिविधियों मे संलग्नता के कोई तथ्य/प्रमाण प्रकाश मे नही आये हैं जिसकी पुष्टी पूर्व में प्रकरण के सम्बन्ध में गठित सात सदस्यीय संयुक्त समिति ने भी विस्तृत जांच के बाद अपनी रिपोर्ट की है। आश्रम द्वारा समय पर स्थानीय लोगों की विभिन्न प्रकार से सहायता की जाती रहती है, जिनके प्रमाण जांच पत्रावली में संलग्न है।

सत्यापित

लोक सूचना अधिकारी/
पुलिस अधीक्षक
उत्तरकाशी

Scanned with Cal

जांच के दौरान प्रकाश में आया है कि अजय सिंह के द्वारा स्थानीय लोगों से भूमि क्रय कर गंगा नदी के तट पर सौरा कॉटेज का निर्माण किया जा रहा था, जिसमें आवेदक भूमेश रमोला, अजय सिंह के साथ कार्य करता था। सौरा कॉटेज का निर्माण नियम विरूद्ध एवं अवैध होने के कारण विपक्षी आर्य विहार आश्रम साधक हेमन्त ध्यानी द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत जिला प्रशासन उत्तरकाशी को की गई थी, शिकायत के उपरान्त प्रशासन द्वारा सौरा कॉटेज के निर्माण की जांच की गई थी, जांच के उपरान्त उपजिलाधिकारी भटवाडी के **आदेश संख्या–441/पी0ए0–विविध** पत्रा0/2020–21 दिनांक–24.02.2022 के द्वारा अजय सिंह के नाम दर्ज सम्पूर्ण 0.659 हे0 भूमि **भागीरथी नदी के माध्य बिन्दु से 100 मी0 की दूरी के अन्तर्गत है तथा भूमि नदी किनारे से भी 50 मी0 की दूरी के अन्तर्गत स्थित है। भागीरथी इको सेंसिटिव जोन के अन्तर्गत नदी से 100 मीटर अन्दर बिना अनुमति के निर्माण कार्य किया जाना प्रतिबन्धित है। आपके द्वारा बिना अनुमति खसरा संख्या–6088,6089,6090 मध्ये निर्माण कार्य प्रारम्भ किया है उक्त भूमि पर निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी गई है।**

अजय सिंह के सौरा कॉटेज के निमार्ण कार्य पर विपक्षी हेमन्त ध्यानी की शिकायत पर प्रशासन द्वारा रोक लगाये जाने के उपरान्त अजय सिंह द्वारा हेमन्त ध्यानी एवं आर्य विहार आश्रम को हानि पहुँचाने की नियत से अपने साथी भूमेश रमोला एवं श्रीमती सोनमाला देवी ग्राम प्रधान स्याबा को गुमराह कर आर्य विहार आश्रम एवं विपक्षी हेमन्त ध्यानी के विरूद्ध विभिन्न स्तरों पर प्रार्थना प्रेषित कर झूठे आरोप लगाये गये है। जांच के दौरान सोनमाला देवी ने भी उसे गुमराह किया जाना स्वीकार किया, बयान में सोनमाला देवी ने बताया कि अजय सिंह द्वारा स्याबा ग्राम सड़क निर्माण में मदद के आश्वासन पर उससे शिकायती पत्र पर साइन करवाए गए, जांच के दौरान आश्रम के विरूद्ध कोई शिकायत न होना स्वीकारते हुए सोनमाला देवी द्वारा आश्रम के विरूद्ध अपनी शिकायत वापस ले ली गयी है। इन सभी शिकायती पत्रों की भाषा, आरोप और अवयव में समानता होना और वह भी अंग्रेजी में जिसकी सोनमाला देवी व भूमेश रमोला को काई जानकारी नही है। जिससे स्पष्ट है कि यह शिकायती प्रार्थना पत्र एक ही व्यक्ति द्वारा तैयार किये गये है। जिससे स्पष्ट है कि सभी शिकायती प्रार्थाना पत्र अजय सिंह द्वारा तैयार किये गये है।

विपक्षी हेमन्त ध्यानी की शिकायत पर उप जिलाधिकारी भटवाडी व प्रशासनिक टीम के द्वारा अजय सिंह के कॉटेज निर्माण को प्रतिबंधित कर दिये जाने के उपरान्त वह विपक्षी एवं आर्य विहार आश्रम से बदले की भावना रखना प्रारम्भ कर दिया है। जिसके पश्चात अजय सिंह द्वारा स्वयं अपने साथी भूमेश रमोला तथा स्थानीय लोगों को गुमराह कर विपक्षी हेमन्त ध्यानी एवं आर्य विहार आश्रम के विरूद्ध भ्रामक व तथ्यहीन आरोप लगाकर शिकायती पत्र प्रेषित किये जा रहे है।

आश्रम के विरूद्ध प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र में **The anti-national instincts and activities of Arya Vihar Ashram** अंकित कर **envisage strict action with immediate effect.** का अनुरोध किया गया है। जांच में इस प्रकार का कोई कार्य आश्रम में नही किया जा रहा है, जो देश विरोधी हो। जबकि श्री आर्य ट्रस्ट इस क्षेत्र में वर्ष 1994 से स्थापित आध्यात्म और सामाजिक हित के लिए कार्यरत संस्थान है, आश्रम के साधक हेमंत ध्यानी मा0 सर्वोच्च न्यायालय तथा भारत

Scanned with Cal

सरकार द्वारा पर्यावरणीय संग्यानों के लिए गठित विभिन्न उच्च स्तरीय समितियों में पर्यावरणीय और सामाजिक विषयों के जानकार होने के नाते सदस्य चुने गए है और वर्ष 2013 से अपनी सेवाऐं दे रहे है। साबुन निमार्ण (सुन्दरम उद्योग) आश्रम में यदा–कदा की जाने वाली एक छोटी गतिविधि है। जिसे साधक कर्मयोग साधना के तौर पर करते है। यह आरोप अजय सिंह और भूमेश रमोला के द्वारा आश्रम को हानि पहुँचाने की नियत से दुराभाव से दिया गया है। जबकि अजय सिंह द्वारा अपने सौरा कॉटेज निर्माण को योगा और मेडिटेशन सेन्टर बताया जा रहा है।

अजय सिंह निदेशक सौरा कॉटेज भागीरथी नदी के तट पर अवैध निर्माण का दोषी पाये जाने पर प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई थी। सौरा कॉटेज एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी है, जो सरकारी **Registrar of Companies(ROC)** की साईट पर सौरा कॉटेज की **Activity-Restaurants, bars and canteens** अंकित किया गया है। जबकि कॉटेज के मालिक अजय सिंह द्वारा स्थानीय एवं प्रशासनीक स्तर पर योगा एवं मेडिटेशन केन्द्र के तौर पर प्रचारित किया जा रहा है। जिससे आवेदक की मंशा गलत दर्शित होती है।

निष्कर्षः– महोदय जांच से शिकायतकर्ता भूमेश रमोला द्वारा सौरा कॉटेज के मालिक अजय सिंह के दबाव एवं प्रलोभन में आकर प्रार्थना पत्र दिया गया है। जबकि आवेदक भूमेश रमोला एवं सोनभाला देवी द्वारा अपने बयानों में आर्य विहार आश्रम से कोई शिकायत न होना बताया गया है और दोनों ने अपनी शिकायत वापस ले ली है। अतः विपक्षी हेमन्त ध्यानी एवं आर्य विहार आश्रम, ग्राम सैंज पर लगाये गये आरोप निराधार एवं झूठे है, जो सौरा कॉटेज के मालिक अजय सिंह द्वारा स्वयं के निर्माणाधीन सौरा कॉटेज प्रतिबन्धित किये जाने के उपरान्त विपक्षी को क्षति कारित करने हेतु बदले की भावना एवं दुराभाव से दिया जाना प्रतीत होता है। जांच से सम्पूर्ण प्रकरण सिविल वाद से सम्बन्धित होना पाया गया है।

अतः जाँच आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सेवा में प्रेषित है ।

संलग्नकः– यथोपरी ।

पत्रांक– आर–सीओ–जांच–57/2022
दिनांक– अगस्त–30/2022

पुलिस उपाधीक्षक
उत्तरकाशी।

सत्यापित/
लोक सूचना अधिकारी/
पुलिस उपाधीक्षक
उत्तरकाशी

Scanned with Cal